@Fair Report @Fair_report @fairreportnews @Fair report

# FAIR REPORT

*THE DAWN OF A FEARLESS PEN*

Jaipur, Sunday, 14 September 2025 | PRGI No. - T/RJ/BIL/00000020 | Vol 1 | Issue No.- 18 | Pages 04 | ₹3.00

## PM Modi likely to visit Odisha September 27

FAIR REPORT

**Bhubaneswar, Sept 13:** Prime Minister Narendra Modi is likely to visit Odisha September 27 and address a public meeting in Berhampur, Revenue Minister Suresh Pujari said Saturday.

The final itinerary of the PM's visit is yet to be finalised, but preparations are in full swing, he said.

This will be Modi's sixth visit to Odisha in the last 15 months, after the BJP came to power in the state, he added.

"The PM has given his consent to visit Odisha September 27. Our Commerce and Transport Minister Bibhuti Bhusan Jena has already started preparations for the visit, and I will be there in Berhampur from September 15," Pujari told reporters.

Modi will attend the BJP's 'Seva Pakshya' programme, which will start on his birthday September 17 and continue till Gandhi Jayanti October 2, the minister said.

Modi last visited the state June 20 to attend the first anniversary celebrations of the BJP government in Odisha.

"Chief Minister Mohan Charan Majhi, during his recent visit to Delhi, had extended an invitation to the PM to come to Odisha September 17, but it could not be possible due to pre-engagement," Pujari said.

He said the state government has sent the tentative programme to the PMO, which will finalise the itinerary for September 27.

Pujari said the BJP and the state government have planned to plant 75 lakh saplings on September 17, marking the 75th birth anniversary of the PM.

During 'Seva Pakshya', state BJP workers are planning to organise blood donation camps, health check-ups, sanitation drives, and community assistance programmes, he said.



**SALVAGE ACT:** Rescue operations underway after a roof collapsed at a shopping complex in Koraput Saturday. The mishap claimed the life of a 62-year-old shopkeeper while three others had a close shave

OP PHOTO

# SSR ahead of Nuapada bypoll

| SPECIAL SUMMARY REVISION | VS SPECIAL INTENSIVE REVISION |
|---|---|
| An annual process where a routine, periodic sanitisation of existing voter list is made | An exceptional, comprehensive, and rarely conducted exercise that creates a completely new electoral roll from scratch |
| Primarily relies on public input for additions, deletions, and corrections to the list | Involves compulsory house-to-house physical surveys by Booth Level Officers to verify every voter |
| Aims to update the list with newly-eligible voters, such as those who have turned 18, and to remove duplicates and deceased voters | Places a strong emphasis on validating citizenship with documentary proof and strictly targets the removal of illegal immigrants and duplicate entries |

FAIR REPORT

**Bhubaneswar, Sept 13:** The Election Commission of India (ECI) has ordered a Special Summary Revision (SSR) of the electoral rolls in Nuapada Assembly constituency in preparation for the upcoming byelection. This comes in the wake of the recent Special Intensive Revision (SIR) in poll-bound Bihar.

According to a press note from the office of the Chief Electoral Officer (CEO), Odisha, this revision will be carried out under the Representation of the People Act, 1950, with July 1, 2025 set as the qualifying date.

As per the schedule, the re-arrangement and modification of polling stations must



be completed by September 14, followed by the release of the integrated draft electoral roll September 15. Citizens can file claims and objections between September 15 and 29 which will be resolved by October 7. The final electoral roll is slated for publication October 9.

Typically, the ECI conducts the SSR during October and November each year. During this process, Booth Level Officers (BLOs) carry out house-to-house verification to identify eligible but unregistered voters, correct discrepancies, and remove duplicate, shifted, or deceased electors. The process also includes standardising addresses and rationalising polling stations.

This byelection to the Nuapada Assembly seat was necessitated by the recent death of the sitting Biju Janata Dal (BJD) legislator Rajendra Dholakia. The upcoming contest is expected to be triangular one, with the Bharatiya Janata Party (BJP), the BJD, and the Congress all gearing up for a fierce electoral battle.

## Trump Urges NATO to Impose 50–100% Tariffs on China Until Russia-Ukraine War Ends

FAIR REPORT



**New Delhi:** In a bold statement, former U.S. President Donald Trump has called on NATO member nations to take stronger economic action to pressure Russia by targeting China. Speaking at a recent event, Trump urged countries to impose tariffs ranging from 50% to 100% on Chinese goods, arguing that such measures would weaken China's influence over Russia and hasten the end of the ongoing Russia-Ukraine war.

"China has a strong grip on Russia," Trump stated. "If we break that grip through aggressive tariffs, we can bring this war to an end much faster." According to Trump, China's economic and possibly strategic support for Russia is helping prolong the conflict, and stronger economic pressure from NATO allies could significantly alter the dynamics on the ground.

Trump's proposal comes amid growing concerns about China's role in global geopolitics and its indirect support of Russian interests. While the Biden administration has already implemented some sanctions and export restrictions, Trump insists that bolder steps are necessary. He criticized what he sees as the slow and weak response from current U.S. leadership and urged immediate international cooperation.

Trump also emphasized the need for NATO countries to work in unity, stating that economic warfare through tariffs could be more effective and less costly than prolonged military involvement. "We don't need more war—we need smarter strategy," he added.

While Trump is not currently in office, his statements continue to influence public and political discourse, particularly as he remains a leading contender for the 2024 presidential election. His call for high tariffs could further strain U.S.–China relations and stir debate among allies over the best course of action in addressing the war in Ukraine.

## Asia Cup: Boycott calls ahead of India-Pak clash



FAIR REPORT

**New Delhi, Sept 13:** The India-Pakistan match in the Asia Cup slated for Sunday has once again ignited political tensions in the country. Scheduled less than five months after the deadly Pahalgam terror attack of April 22, which claimed 26 lives in Jammu and Kashmir, the timing of the match has drawn sharp criticism from various quarters.

With many families still grieving the loss of their loved ones, political leaders across the Opposition spectrum—including the Congress, Shiv Sena (UBT), and Aam Aadmi Party (AAP)—have condemned the decision to compete against Pakistan on an international stage. A renewed call to boycott the fixture gained momentum just a day before the game.

In Delhi, AAP members staged a protest by burning an effigy labelled 'Pakistan' outside their office. Former Delhi minister Saurabh Bharadwaj urged citizens to boycott clubs and restaurants that screen the match live. "The Indian government is making our cricketers play with those who have taken so much from us. We will expose every establishment that chooses to telecast India-Pakistan matches," he said.

Uddhav Thackeray, leader of the Shiv Sena (UBT), invoked Prime Minister Narendra Modi's earlier statement—"water and blood cannot flow together"—regarding the Indus Water Treaty, questioning how "blood and cricket" could coexist. "They've turned patriotism into a business. This is all about profit," he said.

Shiv Sena MP Priyanka Chaturvedi also voiced strong opposition, pointing to alleged social media posts by Pakistani cricketers that mocked India. "We shouldn't play Pakistan until their players stop endorsing or glorifying terrorism," she stated.

Grief-stricken families of the Pahalgam victims also expressed anger and disappointment. Aishanya Dwivedi, whose husband Shubham was killed in the attack, condemned the decision to go ahead with the match.

## IRREGULAR by MANJUL




**Revolutions don't happen every day – that's why I'd choose a Rajya Sabha nomination over the PM's post**

## UNGA votes to back two-state solution

FAIR REPORT

**United Nations, Sept 13:** The UN General Assembly voted overwhelmingly Friday to support a two-state solution to the Israel-Palestinian conflict and urge Israel to commit to a Palestinian state, which Prime Minister Benjamin Netanyahu vehemently opposes.

The 193-member world body approved a nonbinding resolution endorsing the 'New York Declaration,' which sets out a phased plan to end the nearly 80-year conflict. The vote was 142-10 with 12 abstentions.

Hours before the vote, Netanyahu said, "There will be no Palestinian state." He spoke at the signing of an agreement to expand settlements that will divide the West Bank, which the Palestinians insist must be part of their state, saying, "This place belongs to us."

# Dotasara accuses Rajasthan Speaker of spying on women MLAs:

FAIR REPORT

**Jaipur.** "The matter of spying by installing extra cameras on the opposition side in the assembly is escalating. Congress state president Govind Singh Dotasara has accused Speaker Vasudev Devnani of watching Congress women legislators in the restroom through spy cameras."

"Dotasara said - The Speaker is getting Congress MLAs spied on. They especially want to watch women in the Congress restroom. What attire are the women legislators wearing? In what condition are they sitting? What are they talking about? The Speaker's focus is mainly on women." "He said - While they are keeping an eye on leaders number



one, two, and three, there is more focus on women. Dotasara made these comments while speaking to the media at the state Congress headquarters."

### Such a person should drown and die

"Dotasra said - There cannot be a more shameful thing than a person sitting on a constitutional post like Speaker keeping cameras in his rest room and having access to monitor our opposition's women legislators. Such a person should drown and die."

"Speaker became spy, our women legislators will hold press conference" "Dotasra said - The Assembly Speaker is acting like a spy by installing cameras on our side, so that they can hear the voices of opposition legislators after adjourning the house."

### "Erasing evidence of espionage"

"Dotasara said - Today we have learned that the Speaker has set up camera access in the restroom. Wires are being removed from there. Now they are erasing evidence of espionage. They are victims of frustration, wanting to suppress their voice. Their countdown has begun. These camera-wielding Speakers cannot run the Assembly." "Speaker gave security rationale for installing cameras"

"The Leader of Opposition in the Assembly had been accused of spying by installing extra cameras on the opposition side. There was a huge uproar on this issue for two days. Speaker Vasudev Devnani had completely rejected Congress's allegations, saying cameras were upgraded for the security of the House."

"Cameras were installed so that a 360-degree view of the House is available on YouTube. As far as two extra cameras are concerned, iPads have been installed in the House, and security of other equipment is necessary, that is why they were installed." "Led by Leader of Opposition Tikaram Jully, they met the Governor and submitted a memorandum alleging surveillance of MLAs in the Assembly. Congress demanded an investigation into the surveillance matter through formation of a joint committee by the Governor."

## राजस्थान में कांस्टेबल भर्ती परीक्षा-2025 का सफल आयोजन

# पहले दिन 76,800 से अभ्यर्थी हुए शामिल

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

राजस्थान पुलिस की कांस्टेबल भर्ती-2025 के तहत पुलिस दूरसंचार कांस्टेबल आईटी व चालक पदों के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन शनिवार 13 सितम्बर को राज्य के 9 जिला मुख्यालयों पर सफलतापूर्वक किया गया। इस भर्ती में कुल 10,000 पद विज्ञापित किए गए हैं, जिनमें से 1,469 पद दूरसंचार कांस्टेबल के लिए हैं। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड बिपिन कुमार पाण्डेय ने बताया कि इस परीक्षा के लिए 1,05,846 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया था, जिनमें से 76,800 से अधिक अभ्यर्थी 280 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा में शामिल हुए। पुलिस विभाग ने परीक्षा में पारदर्शिता और शुचिता बनाए रखने के लिए कई सख्त कदम उठाए, ताकि किसी भी तरह की धांधली को रोका जा सके।

### पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदम

एडीजी पाण्डेय ने बताया कि परीक्षा की पवित्रता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए पुलिस मुख्यालय स्तर पर मॉनिटरिंग की जा रही है, जिसके लिए पुलिस विभाग ने निम्नलिखित प्रक्रियाएं अपनाईः सभी 280 परीक्षा केंद्रों को सीसीटीवी कैमरों से कवर किया गया था। पुलिस मुख्यालय में एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया, जहाँ आईटी प्रशिक्षित अधिकारी और कर्मचारी लाइव फुटेज की निगरानी कर रहे थे।

परीक्षा केंद्रों के प्रवेश द्वार पर अभ्यर्थियों की मैनुअल और HHMD (हैंड-हेल्ड मेटल डिटेक्टर) से सघन तलाशी ली गई। इसके अलावा, सभी अभ्यर्थियों का बायोमेट्रिक सत्यापन भी किया गया। सभी केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों (जैसे मोबाइल, पेजर आदि) को निष्क्रिय करने के लिए जैमर लगाए गए थे। परीक्षा केंद्र के अंदर किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध था। 4. परीक्षा सामग्री (प्रश्न पत्र, ओएमआर शीट) को अस्थाई ट्रेजरी रूम में सुरक्षित रखा गया था, जो सीसीटीवी की निगरानी में थे और हथियारबंद गार्डों द्वारा सुरक्षित थे। सामग्री की लोडिंग और अनलोडिंग की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी की गई। नकल माफिया पर निगरानीः पुलिस ने संगठित गिरोहों पर विशेष निगरानी रखी, जो स्मार्ट गैजेट्स (मोबाइल, ब्लूटूथ डिवाइस) का उपयोग करके नकल कराने की कोशिश कर सकते थे।

एडीजी पाण्डेय ने बताया कि इन सभी उपायों से यह सुनिश्चित किया गया कि परीक्षा पूरी तरह से निष्पक्ष और सुरक्षित माहौल में आयोजित हो सके।

## गहलोत बोले- डोटासरा पर टिप्पणी का अधिकार देवनानी को किसने दिया?



**FAIR REPORT**
**जयपुर**

विधानसभा में एक्स्ट्रा कैमरे लगाकर जासूसी विवाद के बीच अब पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने भी स्पीकर वासुदेव देवनानी पर निशाना साधा है। गहलोत ने कहा- दो एक्स्ट्रा कैमरे लगाकर उसका कंट्रोल सिस्टम स्पीकर साहब ने अपने चैंबर में रखा है। इसे वो या उनका प्राइवेट सेक्रेटरी ही देख सकता है। ये तो बहुत बड़ा क्राइम और सीरियस मामला है। इसकी जांच होनी चाहिए। विपक्ष की तरफ कैमरे लगाने का आपको क्या अधिकार है। गहलोत प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

गहलोत ने कहा- हाउस एडजॉर्न के दौरान कई बार इनफॉर्मल बात करते हैं। फिर चाहे कांग्रेस हो या बीजेपी के नेता, जुमले बोल देते हैं। जो बात हाउस प्रोसेसिंग में नहीं बोली गई। क्या आप उन जुमलों को सदन की प्रोसिंडिंग की तरह लेंगे। आप उन जुमलों को लेकर डोटासरा पर कमेंट करवा दो कि वो एमएलए बनने लायक नहीं है। ये क्या स्पीकर का अधिकार है। गहलोत ने कहा- हाउस में ये जो माहौल बनाया,मैं समझता हूं उचित नहीं है, इनको सोचना चाहिए था। अब इनकी जांच होनी चाहिए। ये लोग गवर्नर के पास गए। गवर्नर को इसकी जांच करानी चाहिए।

### विधानसभा अध्यक्ष पर आरोप से डोटासरा पर भड़के तिवाड़ी

# ‘निजता बाथरूम, बेडरूम और वॉशरूम में होती है’

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

राजस्थान विधानसभा में लगाए गए कैमरों का मामला राजनीतिक तूल पकड़ता जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के बयानों ने एक बार फिर इस मामले को गरमा दिया है। डोटासरा ने तो सीधे विधानसभा अध्यक्ष को ही निशाने पर लेते हुए महिला विधायकों पर नजर रखने की बात कही। डोटासरा के इस बयान पर अब भाजपा की तरफ से तीखा जवाब आया है।



राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने इस पर कहा कि डोटासरा ने जिस तरह का बयान दिया, उस पर उन्हें शर्म आनी चाहिए। डोटासरा ने जिस तरह का बयान दिया उस पर क्या ही बोले ? लेकिन जहां तक निजता की बात वो लगातार कर रहे हैं, तो उन्हें पता होना चाहिए कि निजता सिर्फ बाथरूम, बेडरूम और वॉश रूम में होती है। विधानसभा में नहीं होती।

सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने साफ किया कि सदन में कैमरे लगे रहते हैं और लगे भी रहने चाहिए। कैमरे किसी की भी निजता का हनन नहीं हैं। विधानसभा के पटल पर जो भी काम होता है, वह सार्वजनिक है। हर एक शब्द कैमरे में आना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे संसदीय परंपरा की थोड़ी-बहुत जानकारी है, इसलिए यह कह सकता हू कि विधानसभा में कोई भी चीज प्राइवेट नहीं होती। उसका डायरेक्ट टेलीकास्ट, पूरी वीडियो रिकॉर्डिंग होती है, इसलिए यह कहना कि विधानसभा में निजता का हनन है, तो यह संसदीय परंपराओं से अनभिज्ञ लोगों का काम है। विधानसभा में कैमरे जरूरी हैं, यह निजता का हनन नहीं है।

### चतुर्वेदी का कांग्रेस पर साधा निशाना

## पिछली सरकार घाटा छोड़ गई, जीएसटी रिफॉर्म से टैक्स बढ़ा



**FAIR REPORT**
**जयपुर**

प्रदेश के वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर भीलवाड़ा पहुंचे। यहां उन्होंने राज्य की आर्थिक स्थिति और वित्तीय प्रबंधन को लेकर कहा कि वर्ष 2013 में कांग्रेस सरकार ने राजस्थान को 1 लाख 76 हजार करोड़ रुपए का घाटा देकर छोड़ा था। इसके बाद बीजेपी सरकार ने खर्चे में कटौती कर और वित्तीय अनुशासन अपनाकर उस घाटे को भरा। उन्होंने यह भी कहा कि गहलोत के तीसरे कार्यकाल में भी आर्थिक संकट बना रहा, लेकिन वर्तमान में डबल इंजन की सरकार होने से केंद्र से आर्थिक सहायता मिल रही है और प्रदेश की स्थिति लगातार मजबूत हो रही है।

### डोटासरा पर तंज

चतुर्वेदी ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि डोटासरा सदन में एक दिन भी नहीं गए और सड़क पर बातें करते हैं। यदि वह सदन में जाकर जनता के मुद्दों पर सरकार को घेरते तो बेहतर होता। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि पिछली सरकार में अंदरूनी कलह के चलते आम जनता को राहत नहीं मिली।

### प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में हुई बैठक

## कांग्रेस का ‘वोट चोर-गद्दी छोड़’ अभियान 15 से, लोगों को जोड़ेंगे






**FAIR REPORT**
**जयपुर**

राजस्थान में कांग्रेस ‘वोट चोर-गद्दी छोड़’ अभियान के तहत 15 सितम्बर से 15 अक्टूबर तक हस्ताक्षर अभियान चलाएगी। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से अभियान की तैयारी को लेकर शनिवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में संभाग प्रभारी, जिला प्रभारी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रभारियों की बैठक का आयोजन किया गया। इस अभियान के माध्यम से हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। कांग्रेस कार्यकर्ता घर-घर जाकर आमजन को अभियान से जोड़ने का काम करेंगे और जागरूक करेंगे।

## भाजपा लोकतंत्र का गला घोंट रही: गुंजल



**FAIR REPORT**
**जयपुर**

वरिष्ठ कांग्रेस नेता व कोटा-बूंदी लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे प्रहलाद गुंजल ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। गुंजल ने कहा कि भाजपा अब जनता से वोट लेकर नहीं, बल्कि वोट चोरी कर सत्ता हासिल करना चाहती है। लोकतंत्र की हत्या करने की यह साजिश कांग्रेस कार्यकर्ता सफल नहीं होने देंगे।

गुंजल शनिवार को बूंदी में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के 'संगठन सर्जन' अभियान के तहत जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित अल्पसंख्यक विभाग की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पूरी तरह नाकाम रही है। चोर-लुटेरे खुलेआम घूम रहे हैं, किसान-मजदूर और बेबस जनता न्याय के लिए दर-दर भटक रही है, जबकि भाजपा नेताओं को सिर्फ कुर्सी की चिंता है। यह सरकार जनता को असुरक्षित कर चुकी है। गुंजल ने आह्वान करते हुए कहा कि अब वक्त आ गया है कि कांग्रेस कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर भाजपा की सच्चाई उजागर करें और बूंदी से लेकर पूरे राजस्थान तक सत्ता परिवर्तन की गूंज बुलंद करें।

### आरोप : देश विरोधी ताकतों के साथ नजर आते हैं रोत

## BAP सांसद आदिवासी समाज व संस्कृति के बड़े दुश्मन: मन्नालाल

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

भाजपा सांसद मन्नालाल रावत ने धर्मांतरण को लेकर बीएपी के सांसद राजकुमार रोत पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि रोत आदिवासी समाज और इसकी संस्कृति के बड़े दुश्मन हैं। संसद में जब भी मौका मिलता है, वे देश विरोधी ताकतों के साथ खड़े नजर आते हैं। जब सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण मामले में ‘कोटे में कोटा’ की व्यवस्था के निर्देश दिए थे और सरकार यह व्यवस्था लागू भी कर रही थी, तब सांसद रोत भीलों के आरक्षण का विरोध कर रहे थे।



रावत शनिवार को डूंगरपुर दौरे पर थे। उन्होंने सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में ये आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि राजस्थान विधानसभा में जब धर्मांतरण विरोधी अधिनियम पेश किया गया, तो बीएपी के विधायक विरोध करते नजर आए। ये अंग्रेजों के विद्वान मैक्समूलर के विचारों को आगे बढ़ाते हुए नजर आ रहे हैं। सांसद रोत जनजातियों के साथ पाप कर रहे हैं, जो यह समाज कभी स्वीकार नहीं करेगा। वहीं, इस संबंध में सांसद राजकुमार रोत से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका है। रावत ने धर्मांतरण को लेकर कहा कि इसका सबसे बड़ा नुकसान आदिवासी समाज को हो रहा है। एसटी को मिलने वाले आरक्षण में से 72%, छात्रवृत्तियों का 70%, विकास अनुदान का 68% धर्मांतरित लोग फायदा उठा रहे हैं। यह आदिवासियों के हक को छीनने वाला है। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण विरोध को लेकर 22 राज्यों में समाज आंदोलन कर रहा है। सभी चाहते हैं कि इसमें संशोधन हो, उसे डीलिस्टिंग मूवमेंट कहते हैं। उन्होंने कहा कि एससी की तर्ज पर ही एसटी की परिभाषा होनी चाहिए।

## दो दिवसीय दौरे के बाद लौटे सीएम, प्रदेश में हुए कामों की दी जानकारी



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दिल्ली के दो दिवसीय दौरे के बाद जयपुर लौट आए हैं। दिल्ली प्रवास के दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात कर राज्य में सरकार और संगठन की स्थिति पर विस्तृत फीडबैक दिया। इस दौरान उन्होंने राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कामों की जानकारी भी दी। मुख्यमंत्री शर्मा ने हाल ही में नव नियुक्त उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात कर उन्हें पदभार संभालने की बधाई दी। उन्होंने दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता से भी मुलाकात कर दोनों राज्यों के बीच शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, पर्यावरण संरक्षण और आपसी सहयोग को मजबूत करने जैसे मुद्दों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री भजनलाल ने केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी से भेंट कर राजस्थान में उपभोक्ता मामलों की व्यवस्थाओं, खाद्य सुरक्षा और सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत बनाने पर बात हुई। इसके अलावा राज्य में ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश पर भी चर्चा हुई।

### झालावाड़ पीड़ितों को न्याय देने के लिए अनशन, आज रैली निकालकर जाएंगे सीएमआर, बेनीवाल भी साथ होंगे

# नरेश बोले- मुख्यमंत्री को बकरियां देकर मांगूंगा मुआवजा

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

झालावाड़ पीड़ितों को न्याय देने के लिए 24 घंटे से जयपुर के शहीद स्मारक पर अनशन पर बैठे नरेश मीणा मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे। नरेश सोमवार को हनुमान बेनीवाल और अपने समर्थकों के साथ मुख्यमंत्री आवास पहुंचेंगे। जहां वे मुख्यमंत्री को बकरियां देकर न्याय की मांग करेंगे।




झालावाड़ के सरकारी स्कूल में बच्चों की मौत भ्रष्टाचार की वजह से हुई थी। उन पीड़ित परिवार को सरकार ने अब तक न्याय नहीं दिया है जबकि दंगों में करने वाले लोगों को 50 लाख रुपए और संविदा पर नौकरी दी जाती है, लेकिन सरकार के भ्रष्टाचार की वजह से मरने वाले बच्चों के परिजनों को अब तक उचित मुआवजा नहीं दिया गया है। सिर्फ झालावाड़ ही नहीं बल्कि, पूरे कोटा संभाग में स्कूलों के हालात बद से बद्तर स्थिति में है। जो बच्चे मरे हैं, उनमें से क्या पता कोई बच्चा कलेक्टर बनता कोई आईपीएस बनता कोई बड़ा अधिकारी या बिजनेसमैन बन अपने परिवार का पालन पोषण करता। लेकिन सरकार की वजह से उन बच्चों की समय से पहले ही मौत हो गई।

मीणा ने कहा कि सरकार ने पीड़ित परिवारों को रोजगार के नाम पर पांच बकरियां दी हैं जिन्हें चराने की भी जिम्मेदारी पीड़ित परिवार पर आ गई है। इसलिए मैं सोमवार को मुख्यमंत्री आवास तक अपने साथियों के साथ रैली के रूप में पहुंचूंगा। मैं उन्हें बकरियां शॉप कर यह मांग करूंगा कि इन बकरियां की एवज में भी हमें मुआवजा राशि दी जाए। नरेश ने कहा कि फिलहाल हम गांधीवादी तरीके से अनशन पर बैठ अपनी मांग सरकार तक पहुंचा रहे हैं। इसके बाद भी सरकार ने हमारी मांग को पूरा नहीं किया। तो मैं यही अनशन पर बैठा बैठा अपनी जान दे दूंगा। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को मेरी मौत देखनी पड़ेगी।

### ‘भगत सिंह ब्रिगेड’ बनाने का फैसला

नरेश मीणा ने कहा कि वैसे तो मैं शहीद दिवस के मौके पर अपने संगठन की घोषणा करता। लेकिन मैंने आज ही भगत सिंह ब्रिगेड के नाम से संगठन बनाने का फैसला किया है। जिसका प्रदेश और देशभर में ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन आज से ही शुरू हो गया है। हमारे संगठन का एक ड्रेस कोड होगा। यह संगठन न सिर्फ भगत सिंह की सोच को घर-घर तक पहुंचाने का काम करेगा। बल्कि, जरूरतमंद लोगों की मदद करेगा। अगले साल 23 मार्च के दिन एक बड़ा ब्लड डोनेशन कैंप भी आयोजित करेंगे।

### चंद्रशेखर आजाद भी हमारे साथ

मीणा ने बताया कि सोमवार को मुख्यमंत्री आवास की ओर जाने वाली रैली में आम जनता के साथ ही राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सांसद हनुमान बेनीवाल भी हिस्सा लेंगे। जल्द ही चंद्रशेखर आजाद जी भी पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हमारे साथ आएंगे। उनकी पार्टी के काफी कार्यकर्ता और नेता हमसे मिल चुके हैं। मैंने सचिन पायलट जी के स्टाफ से भी बात की है मुझे लगता है कि पायलट साहब भी इन गरीब परिवार के पीड़ित लोगों को न्याय दिलाने के लिए हमारी लड़ाई में शामिल होंगे।

ब्रीफ खबरें

## बजरी की ट्रैक्टर ट्रॉली ने छात्र को कुचला, परिजनों ने लगाया जाम



**भरतपुर।** यहां बयाना कस्बे के कुंडा तिराहे पर शनिवार दोपहर दर्दनाक हादसा हुआ। बजरी से भरी तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने पैदल जा रहे 11वीं कक्षा के छात्र को कुचल दिया। हादसे में छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क पर पलट गई, जबकि चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। मृतक छात्र की पहचान गांव नगला होता महरावर निवासी धीरज (17) पुत्र भागमल जाटव के रूप में हुई है। धीरज कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 11वीं (बायोलॉजी) का छात्र था और अंबेडकर छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रहा था। शनिवार दोपहर करीब 2 बजे वह स्कूल से पैदल छात्रावास लौट रहा था, तभी कुंडा तिराहे पर सामने से आ रही बजरी से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उसे टक्कर मार दी। हादसे की खबर मिलते ही मृतक छात्र के परिजन व ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए और गुस्से में बयाना-हिंडौन स्टेट हाईवे पर अस्पताल के सामने जाम लगा दिया। महिलाएं सड़क पर लेटकर रोने लगीं। परिजनों ने ट्रैक्टर चालक की गिरफ्तारी और उचित मुआवजे की मांग की। सूचना पर डिप्टी एसपी कृष्णराज जांगिड़ और एसएचओ बाबूलाल गुर्जर मौके पर पहुंचे और समझाइश कर जाम खुलवाने का प्रयास किया। इस दौरान हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई।

## आयुक्त निलंबित, महिला एईएन समेत 5 कर्मचारियों को भेजा जेल



**धौलपुर।** स्वायत्त शासन विभाग ने रिश्वत के मामले में धौलपुर नगर परिषद के आयुक्त अशोक कुमार शर्मा को निलंबित किया। इस दौरान उनका मुख्यालय स्थानीय निकाय विभाग, जयपुर रहेगा। इससे पहले 3 लाख 10 हजार के रिश्वत मामले में रंगे हाथों पकड़े गए 5 कर्मचारियों को कोर्ट ने न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। राजस्थान सिविल सेवा नियम-13 (1) के तहत आयुक्त अशोक शर्मा को निलंबित किया गया है। निलंबन काल में उनका मुख्यालय स्थानीय निकाय विभाग, जयपुर रहेगा। इस दौरान उन्हें नगर परिषद धौलपुर से नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलता रहेगा। इसके अलावा स्वायत्त शासन विभाग ने आदेश जारी कर नगर परिषद की सहायक अभियंता प्रिया झा समेत कर्मचारी हरेंद्र, वाहन चालक देवेंद्र, कैशियर भरत, लिपिक नीरज परमार को भी निलंबित कर दिया है। निलंबित किए गए कर्मचारियों का मुख्यालय जयपुर निदेशालय में रहेगा। हालांकि इन कर्मचारियों को एसीबी जेल भेज चुकी है।

## लापता दो व्यापारी में से 1 का शव मिला, माही नदी में मिली कार



**बांसवाड़ा।** स्थानीय मोटागांव के दो लापता व्यापारी की तलाश जारी है, लेकिन पुलिस को अब एक नया और बड़ा सुराग मिला है। 8 सितंबर से लापता सुरेश सोनी और हर्षित शर्मा की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस ने माही नदी से सुरेश सोनी का शव बरामद किया था। इसके बाद शुक्रवार को पुलिस ने लसाड़ा पुल के पास से व्यापारियों की कार क्रेन की मदद से बाहर निकाली। कार पानी में डूबी हुई मिली और अंदर कोई शव नहीं था। इससे मामले में रहस्य और गहराता जा रहा है। अब पुलिस का पूरा ध्यान हर्षित शर्मा की तलाश पर केंद्रित है। घटना के बाद से इलाके में तरह-तरह की चर्चाएँ हैं और परिजन हत्या की आशंका जता चुके हैं। पुलिस ने बताया कि नदी व आसपास के क्षेत्र में 50 सदस्यीय टीम लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही है। गोताखोरों को भी लगाया गया है, ताकि जल्द से जल्द दूसरे व्यापारी का सुराग मिल सके। हर्षित सेवक के छोटे भाई गगन सेवक ने घटना के बारे में जानकारी दी थी कि सुरेश सोनी सोमवार दोपहर 12 बजे लेकर गया था। उसने भाई हर्षित दोपहर 2 बजकर 38 मिनट पर कॉल किया तो बताया कि परतापुर से घर के रास्ते में है। शाम 5:30 बजे कॉल किया तो पालोदा पेट्रोल पंप के पास होने की बात कही। उसके बाद रात 8 बजे से हर्षित का फोन स्विच ऑफ है। वहीं, सुरेश सोनी की आखिरी बात उसके दामाद से हुई थी।

## बोरिंग मरम्मत के दौरान धंस गई मिट्टी, गहराई में फंसा एक मजदूर



**सीकर।** जिले में रींगस के वार्ड संख्या-7 स्थित बेनीवालों की ढाणी में बोरिंग की मरम्मत के दौरान एक मजदूर करीब 40 फीट गहरी खाई में मिट्टी के नीचे दब गया। हादसे की सूचना मिलते ही प्रशासन ने तुरंत बचाव कार्य शुरू कर दिया है। यह घटना तब हुई जब मजदूर एक खराब बोरिंग का पाइप बदलने के लिए खुदाई कर रहा था। खुदाई के दौरान अचानक मिट्टी ढह गई और मजदूर उसके नीचे फंस गया। रेतीली मिट्टी होने के कारण बचाव कार्य में काफी परेशानी आ रही है। हादसे की सूचना मिलते ही उपखंड अधिकारी बृजेश कुमार मौके पर पहुंचे और तत्काल राहत व बचाव कार्य शुरू करवाया। मजदूर को बचाने के लिए तीन जेसीबी मशीनों और एक क्रेन की मदद ली जा रही है। मौके पर पुलिस, नगर पालिका, राजस्व विभाग, चिकित्सा विभाग सहित कई विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद हैं। रींगस नगर पालिका अध्यक्ष हरिशंकर निठारवाल भी पूरी टीम के साथ घटनास्थल पर मौजूद हैं और स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में विरोध पर उतरे छात्र, भड़का आक्रोश, की गई माफी की मांग

# औरंगजेब को कुशल एडमिनिस्ट्रेटर बताने पर विवाद

FAIR REPORT

झालवाड़

मोहनलाल सुखाड़िया विवि की कुलगुरु प्रो. सुनीता मिश्रा अपने एक बयान को लेकर विवाद में आ गई। उन्होंने गुरुनानक पीजी गर्ल्स कॉलेज में ए रोडमैप टू विकसित भारत-2047 विषय पर सेमिनार में औरंगजेब को कुशल प्रशासक बताया। इसका विश्वविद्यालय के छात्रों ने कड़ा विरोध किया। वीसी के बयान के सामने आने के साथ ही कैंपस में आक्रोश फैल गया। छात्र संगठनों ने कहा कि औरंगजेब ने अपने शासनकाल में धार्मिक कट्टरता और उत्पीड़न को बढ़ावा दिया था। इधर, प्रो. मिश्रा ने कहा कि वे मूल रूप से अहिन्दीभाषी हैं और इसके चलते भाषा संबंधी असमंजस हो गया। पूरा वक्तव्य सुनिए, कहीं औरंगजेब की तारीफ नहीं की। हालांकि मिश्रा ने कहा कि इतिहास को केवल नकारात्मक दृष्टिकोण से नहीं देखा जाना चाहिए। औरंगजेब प्रशासनिक तौर पर सक्षम था। प्रो. मिश्रा से कहा कि हिस्टोरिकल प्रोस्पेक्टिव आ जाता है तो हम बहुत राजा-महाराजाओं के बारे में सुनते रहते हैं। महाराणा प्रताप, अकबर बहुत सारे अच्छे राजाओं के बारे में याद रखते हैं। कुछ औरंगजेब की तरह, जो सबसे कुशल एडमिनिस्ट्रेटर था।



### पकड़ने लगा राजनीतिक तूल

कुलगुरु सुनीता मिश्रा के कथन को छात्रों ने आपत्तिजनक माना और तुरंत विरोध जताया। मामला सामने आते ही विवाद अब राजनीतिक तूल पकड़ने लगा। छात्र संगठनों का कहना है कि ऐसे बयान से युवाओं में गलत संदेश जाएगा। कुछ संगठनों ने वीसी से सार्वजनिक माफी की मांग की। छात्र संगठनों ने चेतावनी दी कि अगर कुलगुरु ने माफी नहीं मांगी तो आंदोलन तेज किया जाएगा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कुलगुरु के बयान की निंदा की। एबीवीपी उदयपुर के महानगर मंत्री पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़ ने कहा कि इस तरह का बयान ठीक नहीं है। दरअसल सोशल मीडिया पर कुलगुरु का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। विवाद बढ़ने के बाद भी विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से आधिकारिक बयान सामने नहीं आया। हालांकि कुलगुरु ने अपने कथन को संदर्भ से तोड़-मरोड़कर पेश करने की बात कही।

भीषण हादसा : 6 वर्षीय बच्ची की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

# निजी स्कूल की बस ने तीन बच्चों को कुचला, 1 की मौत

FAIR REPORT

करौली

करौली के गुढ़ाचंद्रजी कस्बे में शनिवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ। एक निजी स्कूल बस ने तीन मासूम बच्चों को कुचल दिया। हादसे में 6 वर्षीय रिया की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 5 वर्षीय जिया और 7 वर्षीय शानू गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना उस समय हुई जब बस बच्चों को उतार रही थी और ड्राइवर ने आगे-पीछे करने की कोशिश में बस को अचानक आगे बढ़ा दिया। बस के टायर के नीचे आने से मासूम बच्ची की जान चली गई। हादसे की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। मौके पर पुलिस प्रशासन और शिक्षा विभाग के अधिकारी पहुंचे। अधिकारियों ने निजी बस के चालक और स्कूल प्रशासन के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया और जाम खुलवाया।



**पुलिस ने किया मामला दर्ज**

पुलिस ने बताया कि आरोपी ड्राइवर और स्कूल संचालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक इंद्रेश तिवाड़ी ने बताया कि घटना के बाद स्कूल की शैक्षणिक गतिविधियां स्थगित कर दी गई हैं। बच्चों की पढ़ाई के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। शिक्षा विभाग की टीम स्कूल की जांच कर रही है।

### 10 लाख मुआवजे के लिए दिया धरना

आरोपी बस चालक और स्कूल संचालक की गिरफ्तारी सहित विभिन्न मांगों को लेकर सहमति बनी है। मृत बच्ची के परिजनों को मुख्यमंत्री सहायता कोष से 10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता सभी विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन हो रहा था। हिंडौन एएसपी सत्येंद्र पाल सिंह सहित पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों ने परिजनों की मांगों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीण और परिजनों ने धरना समाप्त किया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निजी स्कूल बसों के संचालन पर कोई पुख्ता निगरानी नहीं होने से बच्चों की जान खतरे में रहती है। हादसे से पूरे कस्बे में सनसनी फैल गई। उधर बच्ची की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## पत्रकार सम्मेलन में पौधारोपण का दिलाया संकल्प



**कोटा।** तपोभूमि प्रणेता आचार्य श्री 108 प्रज्ञा सागरजी मुनिराज ससंघ के सानिध्य में जैन पत्रकार महासंघ का राष्ट्रीय सम्मेलन कोटा में आयोजित हुआ। सम्मेलन की अगुवाई राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश जैन तिजारिया ने की। आचार्यश्री ने समाज हित में कलम और कदम दोनों को सशक्त बनाने का संदेश दिया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए एक करोड़ वृक्षारोपण का संकल्प दिलाते हुए प्रत्येक पत्रकार से कम से कम एक हजार वृक्ष लगाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में राजा श्रेणिक पत्रकारिता पुरस्कार रायपुर-झांसी से प्रकाशित दैनिक विश्व परिवार के संपादक प्रदीप जैन को प्रदान किया। सम्मेलन में बलवंत राज मेहता, उदयभान जैन, दिलीप जैन, मुकेश जैन, मनीष जैन, विमल बज, मनोज जैन, अभिषेक लुहाड़िया, प्रकाश जैन, महावीर सरावगी, रविन्द्र काला, पारस जैन, राजाबाबू गोधा सहित अनेक लोग शामिल हुए।

## घर के पास तलाई में डूबे 3 मासूम, दो की हुई मौत

FAIR REPORT

दौसा

जिले के झांपदा थाना इलाके में शनिवार को दर्दनाक हादसे में दो मासूम बच्चों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि निर्झरना गांव की मंडावतो की ढाणी में तीन बच्चे घर के पास बनी तलाई में नहाने गए थे। अचानक गहरे पानी में चले जाने से तीनों बच्चे डूबने लगे। ग्रामीणों को जैसे ही बच्चों के डूबने की जानकारी मिली, वे तुरंत मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। ग्रामीणों ने एक बच्चे को बाहर निकाल लिया, लेकिन दो मासूमों को बचाया नहीं जा सका। सूचना पर झांपदा थाना प्रभारी सुनील टांक मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों और पुलिस ने मिलकर बच्चों को तलाई से बाहर निकाला। हादसे के करीब आधे घंटे बाद मासूमों को बाहर निकाला गया और तुरंत लालसोट अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान फौजी (9 वर्ष) और सुनील (7 वर्ष) के रूप में हुई है।



## पुलिस चौकी को बम से उड़ाने की मिली धमकी

**धौलपुर।** पुलिस में शनिवार को हड़कंप मच गया, जब कंट्रोल रूम को बसई नवाब पुलिस चौकी को बम से उड़ने की सूचना मिली। पुलिस हरकत में आई और कई अधिकारी बम निरोधक दस्ते के साथ चौकी पहुंचे। बम निरोधक दस्ते ने चौकी एवं प्रांगण में मौजूद मंदिर की बारीकी से जांच की, लेकिन किसी तरह की आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली। सीओ अनूप कुमार यादव ने बताया कि पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि बसई नवाब पुलिस चौकी को बम से उड़ा दिया जाएगा। इससे महकमे में हड़कंप मच गया। हालांकि पुलिस को किसी भी तरह की आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई।

## रात्रि चौपाल में 70 से अधिक समस्याओं का समाधान, जिला कलक्टर ने मौके पर ही दिलाई राहत

FAIR REPORT

दौसा



चित्तौड़गढ़-राशमी उपखंड की पावली ग्राम पंचायत में शुक्रवार रात जिला कलक्टर आलोक रंजन की अध्यक्षता में रात्रि चौपाल का आयोजन हुआ। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और अपनी समस्याएँ रखीं। ग्रामीणों की ओर से कुल 70 से अधिक परिवाद प्रस्तुत किए गए, जिनमें से कई मामलों का जिला कलक्टर ने मौके पर ही निस्तारण कर राहत दी। बाकी प्रकरणों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को 7 दिन के भीतर निपटाने के निर्देश दिए गए।

चौपाल में सड़क, नालियों का निर्माण, खेतों तक पहुँच मार्ग, नाम जुड़वाने, पेंशन एवं पालनहार योजना, खेल मैदान और लाइब्रेरी जैसी समस्याएँ प्रमुख रहीं। इस दौरान लंबे समय से पेंशन से वंचित एक महिला को तत्काल पेंशन और पालनहार योजना का लाभ शुरू कराया गया, वहीं खाद्य सुरक्षा सूची से वंचित ग्रामीण का मौके पर ई-केवाईसी कर नाम जोड़ा गया।

खेल मैदान के लिए आवश्यक कागजात तैयार कर भेजने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं व खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। साथ ही विद्यालय विकास के लिए अध्यापकों द्वारा 21,000 का सहयोग दिया गया, जिस पर जिला कलक्टर ने उनकी सराहना करते हुए इसे अनुकरणीय पहल बताया। चौपाल के बाद जिला कलक्टर ने पावली विद्यालय और परिसर में बने गार्डन का निरीक्षण भी किया।कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी राकेश पुरोहित, उपखंड अधिकारी अंजू शर्मा, तहसीलदार बेनी प्रसाद, विकास अधिकारी ओम प्रकाश सहित जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, पूर्व जिला प्रमुख सुशीला जीनगर, प्रशासक शंभूलाल, जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

प्रताप गौरव केन्द्र 'राष्ट्रीय तीर्थ' में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी शुरू, देशभर से आए विद्वान और शोधार्थी

# 'ज्योतिष को समाज तक पहुंचाने की आवश्यकता'

FAIR REPORT

उदयपुर

भारतीय काल गणना और ज्योतिष पूर्ण रूप से खगोल-भूगोल और विज्ञान आधारित है। इसे सहज और सरल रूप में उदात्त भाव से समाज तक पहुंचाने की आवश्यकता है। इसके लिए हमें स्वयं संकल्पित होना होगा। यह आह्वान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राजस्थान क्षेत्र प्रचारक निम्बाराम ने शनिवार को यहां प्रताप गौरव केन्द्र 'राष्ट्रीय तीर्थ' में भारतीय काल गणना, पंचांग और ज्योतिष विषय पर संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में किया। प्रताप गौरव केन्द्र और देवस्थान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में निम्बाराम ने कहा कि जब यंत्र नहीं थे तब भारतीय ऋषि-मुनियों जो हमारे शोधकर्ता ही कहे जा सकते हैं, ने ग्रहों की दूरियां-गतियां बता दी थीं। कुंभ से अगले कुंभ तक की तैयारियां कर लेते हैं। कालांतर में हमने ही अपनी ही परम्पराओं, अपने ही ज्ञान का उपहास किया, यही वजह है कि हम अपने ही विषद ज्ञान भण्डार पर संशंकित होते गए। निम्बाराम ने यह भी कहा कि आज की युवापीढ़ी को हम एक तरफ स्वछंद कह देते हैं, जबकि हम यह नहीं देख पा रहे कि आज अयोध्या, उज्जैन, लोकदेवताओं के स्थानकों तक पदयात्रा कौन कर रहा है। यह युवा पीढ़ी ही है। हमारी कमजोरी यह है कि भारतीय काल गणना की वैज्ञानिकता को हम सहजता से पारिवारिक संस्कारों में शामिल नहीं कर पा रहे हैं। हम विवाह का मुहूर्त तो पंचांग से निकालते हैं और कार्ड अंग्रेजी में छपवाते हैं। जब हम पंचांग को मान रहे हैं तो यह भी सहजता से समझने और समझाने की आवश्यकता है कि ईस्वी और हिजरी से पहले ही हमारे संवत् हैं। हमारे पास लाखों-करोड़ों वर्ष की गणना का इतिहास है। इससे यह भी स्थापित होता है कि सनातन संस्कृति सबसे प्राचीन और सुसंस्कृत है।



### जीवन प्रबंधन से जोड़ा जाए ज्योतिष

निम्बाराम ने मुख्य अतिथि देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत से कहा कि सनातन संस्कृति के केंद्र हमारे मंदिरों की व्यवस्थाएं समुचित नहीं हैं। पुजारी को जो वेतन मिलता है उससे उसका जीवनयापन संभव नहीं है। मंदिरों की विभिन्न व्यवस्थाओं को परम्परा और संस्कृति के अनुरूप सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। सत्र के अध्यक्ष राजस्थान विद्यापीठ के कुलगुरु प्रो. एसएस सारंगदेवोत ने कहा कि ज्योतिष को मानसिक स्वास्थ्य और जीवन प्रबंधन से भी जोड़ा जाना चाहिए।

### सनातन संस्कृति की राह पर विश्व

मुख्य अतिथि देवस्थान विभाग के मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि भारतीय सनातन संस्कृति चराचर जगत के कल्याण की बात करती है और यह संस्कार पीढ़ी दर पीढ़ी आज भी स्थापित है। विश्व योग दिवस का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि आज संसार सनातन संस्कृति की तरफ अग्रसर हो रहा है। मंत्री कुमावत ने यह भी कहा कि सनातन संस्कृति को नुकसान पहुंचाने वाले तत्वों से बचाव के लिए राजस्थान सरकार ने अवैध धर्मांतरण के विरुद्ध विधेयक पारित किया है। इससे जनजाति क्षेत्रों में अवैध धर्मांतरण पर अंकुश लग सकेगा।

# Excise Department's Third Major Action: Equipment Worth 55 Lakh for Spurious Liquor Seized, Accused Arrested



**Manish Malani**

*Journalist*

**Chittorgarh/Manish Malani :** The Excise Department in Chittorgarh has intensified its clampdown on illicit liquor rackets. In its third major operation within a short span, officials seized raw materials and equipment worth nearly 55 lakh used for manufacturing spurious liquor.

### Lead from Parsoli Jungle

Acting on the directions of the Excise Commissioner, Udaipur, and the District Collector of Chittorgarh, a joint team led by District Excise Officer Gajendra Singh Rajpurohit carried out the raid. The operation was linked to the September 11 seizure in the forests between Parsoli and Borada villages, where large quantities of illicit liquor-making material had earlier been confiscated. Based on further intelligence, the team raided the residence and farmland of Mahendra Giri, son of Hemaji Giri (Goswami caste), resident of Shivsinhji Ka Kheda, on September 12. According to officials, the seized material could have been used to produce spurious liquor worth an estimated 55 lakh.

### Vehicle and Huge Stock Seized

During the raid, a Maruti Ertiga (registration number GJ-01-RU-9155) hidden on the farmland was recovered. A search of the vehicle and premises led to the seizure of massive quantities of illicit material, including:

- 90,000 printed liquor labels (45,000 each for Scotch whisky and country liquor)
- 36 cartons of counterfeit liquor
- 10 packets of Teflon bundles



Gajendra Singh Rajpurohit
District Excise Officer

### Accused in Custody

The accused, Mahendra Giri, was arrested on the spot and produced before the court, which remanded him to police custody for further investigation.

### Joint Effort Praised

The operation was carried out by Assistant Excise Officer Jagdish Ram Vishnoi, Inspectors from Kapasan, Dhundla, Nimbahera, and field officers Hemraj Jat and Shravanlal Meena, along with the district excise team.

### Third Major Success in a Row

Officials confirmed that this marks the third major breakthrough against illicit liquor mafias in the district. In the past two operations, the department had already seized huge quantities of spurious liquor and related material. The series of crackdowns underscores the administration's determination to dismantle the illegal liquor trade in the region.

# NASA Reveals Clearest Signs of Life on Mars After Groundbreaking Rover Discovery

FAIR REPORT

**New Delhi**: In a groundbreaking announcement, NASA has revealed what it calls the clearest evidence yet of potential life on Mars. The discovery, made by the Perseverance rover currently exploring the Jezero Crater, has sent waves of excitement and speculation through the scientific community.

According to NASA scientists, the rover detected complex organic molecules in Martian rock samples—molecules that are often associated with biological processes on Earth. These compounds were found in sedimentary rock layers that formed in ancient lakebeds, suggesting that Mars may have once had conditions suitable for life.

"This is the most compelling sign we've ever found," said a senior NASA astrobiologist during the official announcement. "The chemical signatures we're seeing are consistent with biological origins, although we cannot confirm life just yet." The Perseverance rover used its advanced SHERLOC (Scanning Habitable Environments with Raman & Luminescence for Organics & Chemicals) instrument to analyze the samples. The data indicates the presence of carbon chains, hydrogen, and even hints of nitrogen—key ingredients for life.

While NASA emphasized that this does not confirm the existence of past or present life on Mars, the findings represent a major step forward. The samples are scheduled to be returned to Earth in a future mission planned for the 2030s, where they will undergo more detailed analysis.

The discovery reignites age-old questions about whether Earth is the only planet that has supported life and brings humanity closer to answering one of science's most profound mysteries. "This is why we explore," NASA officials said. "To find our place in the universe—and possibly, to discover we're not alone."

# Half of IPO-Bound Startups Post ₹12,000-Crore Losses

FAIR REPORT

**New Delhi:** Nearly half of India's most anticipated startup listings are still deep in the red, according to a new Financial Express investigation. The report finds that 21 of 42 companies preparing for public issues have collectively booked losses of about 12,000 crore in their latest financial year.

Among the high-profile names on the loss side are e-commerce and fintech giants Flipkart, PhonePe, and quick-commerce player Zepto. Social-commerce platform Meesho also reported steep deficits even as it explores a domestic listing. Analysts say the losses reflect aggressive customer acquisition strategies and heavy infrastructure spending meant to lock in market share before profitability. Not every startup is in the red. The report highlights several exceptions, including eyewear retailer Lenskart, which posted a profit of roughly 297 crore, hospitality major OYO with about 200 crore, and digital lender Kissht at around 160 crore. These profitable outliers are being closely watched as models for balancing scale with financial discipline.

Despite the uneven earnings landscape, investor appetite for growth stories remains strong. Market experts note that Indian regulations do not require companies to be profitable before going public, but Securities and Exchange Board of India (SEBI) guidelines mandate transparent disclosures on operating metrics and risk factors.

With valuations soaring and retail participation rising, the Financial Express report underscores a growing tension in India's capital markets: high-growth startups racing toward IPOs while burning cash at record levels. Analysts warn that while loss-making firms can still command attention, public investors will scrutinize unit economics, cash burn, and a credible path to profitability more than ever when these issues hit Dalal Street.

## Three Arrested, 167 kg Narcotics Seized in Dodachura Smuggling Case



FAIR REPORT

**Chittorgarh**-The Nimbahera police of Chittorgarh district seized a large quantity of illegal narcotics during a checkpoint operation at Jaliya Check Post on the MP border on Friday. Three smugglers have been arrested in connection with the case. Police recovered 166.97 kg of illegal dodachura and 90 grams of opium from an Innova Crysta car. In addition, a Creta car being used for piloting was also seized. District Superintendent of Police, Mr. Manish Tripathi, said the operation was conducted to prevent illegal drug trafficking and apprehend offenders. The checkpoint was set up under the guidance of ASP Sarita Singh and supervision of DSP Nimbahera, Badri Lal Rao. The arrested accused are Ashok Kumar, Omprakash, and Shravan Vishnoi from Bikaner district. A case has been registered against them under the NDPS Act, and further investigation is underway.

## IMD Issues Heavy Rainfall Alert for Multiple States Today

**Jaipur:** The India Meteorological Department (IMD) has issued red and orange alerts for Sunday, 14 September 2025, warning of heavy to very heavy rainfall across eastern, western, and northern India. A deep depression over the Bay of Bengal is expected to bring intense rain to Odisha, West Bengal, and Jharkhand. Coastal Odisha districts—Ganjam, Puri, and Kendrapara—could receive over 200 mm of rainfall with wind speeds of 50–60 km/h. Fishermen are advised to stay ashore.

A low-pressure system over the Arabian Sea is likely to trigger extremely heavy rain in Maharashtra's Konkan belt and parts of Gujarat, including Mumbai, Raigad, and Ratnagiri, raising the risk of urban flooding and landslides.

## Shankaracharya Avimukteshwaranand to Contest All Bihar Seats

FAIR REPORT




**Patna**: In a significant political development ahead of the Bihar Assembly elections, Shankaracharya Avimukteshwaranand Saraswati, the revered seer of Jyotirmath Peeth, announced that his organization will contest all assembly constituencies in the upcoming polls.

Speaking at a press conference in Patna, Avimukteshwaranand said the decision aims to "restore dharmic values and clean governance" in Bihar. He emphasized that the initiative is not driven by power politics but by the need to protect Sanatan dharma, ensure social harmony, and bring ethical leadership to the state.

"Our candidates will represent truth, service, and cultural pride," he stated, adding that the new political platform will release its formal party name and manifesto within the next few weeks. The seer confirmed that candidate selection will focus on individuals with a record of public service and moral integrity rather than traditional political backgrounds. Political analysts view the move as a potential disruptor in a state traditionally dominated by parties such as the RJD, JD(U), BJP, and Congress. While it is unclear how much electoral impact the Shankaracharya's entry will have, observers note that his spiritual following could attract a section of voters seeking an alternative to conventional politics. The Bihar Assembly elections are expected to be held later this year, and the Election Commission is yet to announce the official schedule. Avimukteshwaranand's announcement adds a new dimension to an already dynamic political landscape.

## *Rajasthan's Political Landscape: A Week of Intense Debates and Grassroots Demands*

FAIR REPORT




**Jaipur:** Rajasthan's political scene has witnessed a dramatic churn over the past few days, highlighting the state's complex balance of governance, social justice, and citizen concerns. At the center of controversy is the recently passed Prohibition of Unlawful Religious Conversion Bill, 2025, which has drawn sharp criticism from Muslim organizations and civil rights groups. They argue the law could be misused to target minorities, citing its broad powers and exemptions for reconversions to Hinduism. The government defends the bill as a safeguard against coercive conversions, but the debate has sharpened communal and political divides.

Simultaneously, Gurjar community leaders have renewed their demand to secure the 5% Most Backward Class (MBC) quota within the Constitution's 9th Schedule, which would shield it from judicial review. Their call reflects a long-standing struggle for affirmative action and could ignite fresh caste-based mobilization if the state fails to act.

Inside the Assembly, an unexpected moment of accountability unfolded when MLA Lalit Meena raised allegations of corruption against Baran's District Forest Officer Anil Kumar Yadav, prompting the immediate suspension of the officer and a Special Investigation Team probe. This swift action sends a strong message but also underscores the depth of governance challenges. On the economic front, farmers in Jhalawar are protesting for compensation after heavy rains destroyed crops, demanding timely relief under crop insurance and electricity subsidy schemes. Their agitation highlights the persistent vulnerability of rural livelihoods amid changing climate patterns.

Adding to legislative activity, the Assembly passed the Fisheries Sector (Amendment) Bill, 2025, significantly increasing penalties for illegal fishing to protect aquatic resources. Together, these developments depict a state grappling with issues of religious freedom, social equity, corruption, and agrarian distress. Rajasthan's leadership now faces the test of addressing these diverse challenges with fairness and urgency, as public trust hinges on transparent action and inclusive policy-making.

## New dawn': PM Modi meets Manipur violence victims in first visit since 2023 unrest

FAIR REPORT



**New Delhi.** PM Modi visited Manipur on Saturday, his first trip since the 2023 ethnic violence, meeting displaced families in Churachandpur and launching development projects, even as the opposition criticised the trip as delayed and symbolic. Prime Minister Narendra Modi on Saturday (Sept 13) met people displaced by the ethnic clashes in Manipur's Churachandpur, his first visit to the state since the violence broke out in May 2023. PM Modi said Manipur , once torn by violence, is now showing signs of recovery and renewed hope. " Manipur has always been a land of hope and promise, but it went through a difficult phase of violence. I met people staying in relief camps, and after speaking with them, I believe a new dawn of trust and hope is emerging in the state," he said. The conflict, mainly between the Meitei community of the valley and the hill-dominant Kuki-Zo tribes, has killed over 260 people and displaced nearly 60,000. Braving heavy rain, the Prime Minister travelled 65 km by road from Imphal to Churachandpur, where he interacted with children and elderly staying in relief camps at Peace Ground. He was accompanied by Governor Ajay Kumar Bhalla.

## Bhilwara School Principal, Vice Principal Face Protests Over Alleged Promotion of Atheism

FAIR REPORT

**Jaipur:** Tension erupted in a government school under Bagore police station limits after allegations surfaced that Vice Principal Ranveer Singh Indoria and Principal Shyamlal Sen discouraged students from following traditional religious practices. Locals claimed the officials advised children not to visit temples, avoid keeping pictures of deities, and refrain from customs such as applying tilak or maintaining traditional hairstyles.

The controversy came to light when students shared these remarks with their parents. Outraged villagers confronted the school staff on Friday morning, leading to both the Principal and Vice Principal being physically assaulted. Police intervened swiftly to rescue them and restore order. Station House Officer Bhanwar Lal Jat stated that the Vice Principal teaches students from classes five to eight, and several parents alleged he had recently told children that "gods do not exist" and there was no need to worship or make images of deities. Chief Block Education Officer Satyanarayan Nagar confirmed that both officials have been placed under Awaiting Posting Order (APO) status pending investigation. Local resident Dilip Singh accused the Vice Principal of spreading misinformation about Hindu traditions, saying villagers had earlier protested but no action was taken, forcing them to file a police complaint. Attempts to contact Principal Sen for comment were unsuccessful. The incident has sparked a wider debate on the role of personal beliefs in schools, particularly regarding sensitive matters like religion and atheism. Authorities are probing the allegations to determine accountability.

Printed And Published By Loveena Wadhwa, Printed at Maharani printers plot no 17, MMA Vishno Nagar Kalwar Road Jaipur, Published at P1 Ambit Sapphire Jyoti Nagar Housing Board, JAIPUR RAJASTHAN 302005• Editor and Chief: Loveena Wadhwa• Editor: Sushil Pal •Managing Editor: Anish Thomas Responsible for Selection of News Under the PRB act.